# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 02 दिनांक 14.1.2007

## दिनांक 13.1.2007 को सम्पन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार ।
2. बैठक की अध्यक्षता श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, संयुक्त सचिव, वित्त विभाग द्वारा की गई ।
3. सर्वसम्मति से गत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई ।
4. कार्यकारिणी समिति में मुख्यतः तीन बिन्दुओं पर विचार किया गया ।
   1. बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों के वेतनमान में सुधार ।
   2. विभिन्न स्तर के पदों का चिन्हिकरण ।
   3. संवर्ग संरचना पर विचार ।

इसके अतिरिक्त संघ के सदस्यो से चन्दा वसूली पर भी विचार किया गया ।

सिविल सेवा के दो अंग :– कार्यपालिका शखा एवं (2) न्यायपालिका शाखा है । इसमें से न्यायपालिका शाखा का वेतनमान 6500–10500 रू0 से बढ़ाकर 9000–14500 रू0 करने के साथ–साथ उन्हें ए0सी0पी0 सहित स्वागत भत्ता, चिकित्सा भत्ता, दूरभाष भत्ते के अतिरिक्त कई भत्तों की सुविधायें सरकार द्वारा दी गई है, परन्तु कार्यपालिका शाखा का वेतनमान 6500–10500 रू0 छोड़ दिया गया है तथा न्यायपालिका शाखा के पदाधिकारियों के अनुरूप हमें कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है । माननीय मुख्य मंत्री श्री नितीश कुमार के द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप बेसिग ग्रेड के पदाधिकारियों के वेतनमान की विसंगतियॉ भी अबतक दूर नहीं किया जा सका है । सदस्यों द्वारा इस बात पर घोर निराशा व्यक्त किया गया कि उप मुख्य मंत्री सह वित्त मंत्री के द्वारा इस आशय का संलेख अनुमोदित करने के उपरान्त भी अब तक संलेख प्रारूप माननीय मुख्य

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद

संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–  दिनांक..............................

मंत्री के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया । बेसिक ग्रेड के वेतनमान में सुधार हेतु ''संघ'' द्वारा किये गये प्रयासों की जानकारी केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को दी गयी तथा इस सम्बन्ध में अपेक्षित कार्रवाई का निर्णय लिया गया ।

3. बिहार प्रशासनिक सेवा (संवर्ग नियमावली–1996 के नियम 4(2) ) के अधीन पदों को चिन्हिकरण/संवर्ग संरचना के बिन्दु पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उप विकास आयुक्त के पदों को संयुक्त सचिव श्रेणी से अवक्रमित करते हुए अपर जिला दण्डाधिकारी के पदाधिकारी को इस पद पर पदस्थापन, बिना संवर्ग संरचना में सुधार किये जाने के विन्दु पर कड़ा विरोध दर्ज किया गया एवं सरकार से मॉग की गई कि हमारे सभी श्रेणी के पदाधिकारियों को संवर्गीय पद पर ही पदस्थापित किये जायें तथा किसी भी सूरत में इन्हें अवक्रमित पदों पद पदस्थापित नहीं किया जाय । संघ द्वारा माननीय मुख्यमंत्री/कार्मिक सचिव से यह भी मॉग की गई कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिक्त पदों को बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी के लिये चिन्हित किये जाये तथा प्रोन्नति के पदों की संख्या हर स्तर पर कम से कम 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ायी जाय जिससे कि हमारे पदाधिकारियों की प्रोन्नति विभिन्न स्तरों पर त्वरित गति से हो सके । संघ यह भी मॉग करती है कि सभी विभागों के में ~~लिये कम से कम~~ एक पद संयुक्त सचिव का बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी के लिये सृजित किये जाये । कार्मिक प्रबंधन के दोषपूर्ण होने के कारण हमारे पदाधिकारियों की प्रोन्नति में विलम्ब हुआ है जिससे विभिन्न समस्याएँ पैदा होती है ।

4. राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग के समक्ष अध्यक्ष एवं महासचिव का शिष्टमंडल मिलकर कई बार क्षेत्रीय एवं सचिवालय स्तर में कार्यरत पदाधिकारियों की

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–

दिनांक..............................

समस्याओं से अवगत कराया एवं उनसे अनुरोध किया गया कि ''संघ'' के सुझाव के अनुरूप क्षेत्रीय स्तर के पदाधिकारियों को आधारभूत संरचना एवं उनके सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु आयोग अपनी अनुशंसा भेजे ।

5. इसी आशय का सुझाव अखिल भारतीय सविल/ प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा राष्ट्रीय प्रशासनिक सुधार आयोग के समक्ष रखा गया । अध्यक्ष/महासचिव द्वारा विभिन्न स्तर पर अपनी मॉगो के समर्थन में किये जा रहे प्रयासों की सूचना केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में दी गई । केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने संघ के द्वारा किये गये प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया । अध्यक्ष द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी के नौ (9) एवं सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी के 23 नये पदों का सृजन हुआ । इसे भी पद चिन्हिकरण में शामिल किया जाय । सदस्यों का यह सुझाव था कि अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि व्यवस्था) का पद कुछ छोटे जिलो को छोड़कर सभी जिला में सृजित किया जाय इसी प्रकार अपर समाहर्त्ता (सहाय्य) का पद उत्तर बिहार के सभी जिलो सहित सभी बड़े शहरो में सृजित किया जाय क्योंकि आपदा प्रबंधन का कार्य कल्याणकारी राज्य में अतिमहत्वपूर्ण है । केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के द्वारा सरकार से यह भी मॉग की गई कि संवर्गीय पदों पर बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों को ही पदस्थापित किया जाय एवं जिलो में भी संवर्गीय पदों पर उन्हें ही इसका प्रभारी बनाया जाय ।

6. ''संघ के द्वारा बार–बार यह मॉग की जाती रही है कि बिहार प्रशासनिक सेवा का संवर्गीय बल कम किया जाय और प्रखण्ड/ अंचल पदाधिकारी के क्षेत्रीय पदों पर पदस्थापन के लिये विकास संवर्ग/राजस्व संवर्ग का गठन किया जाय । इस संबंध

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)


पत्रांक–

दिनांक..............................

में ''बासा'' द्वारा एक प्रारूप भी कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को उपलब्ध कराया गया था, परन्तु उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई । ''संघ'' यह अपेक्षा करती है कि इन बिन्दुओं पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी और तत्काल प्रखण्ड/अंचल पदाधिकारी के रूप में एक ही पदाधिकारी को पदस्थापित किया जायगा ।

7. संघ कार्यालय के लिये एक कम्प्यूटर क्रय करने की स्वीकृति सर्वसम्मति से दी गई तथा 150 रू0 वार्षिक चन्दा के आधार पर ''प्रशासन मैगजीन'' आपूर्ति का भी निर्णय लिया गया ।

8. भवन मद में जमा राशि में से 5 लाख रूपये + अन्य मद की राशि में से 3 लाख रूपये निकासी कर 8 लाख रूपये को पंजाब नेशनल बैंक, बोरिंग रोड में फिक्स डिपॉजिट करने हेतु निर्णय लिया गया । सभी जिलो के अध्यक्षों एवं सचिवों से अनुरोध किया गया कि वार्षिक चन्द्र की राशि 200/– रू0 प्रति सदस्य की दर से राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा करें ।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त नववर्ष के शुभकामनाओं के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

(कृष्ण मुरारी शर्मा)
अध्यक्ष

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–              दिनांक...........................

ज्ञापांक – ..........02........../बि0प्र0से0संघ, पटना, दिनांक 14/1/      /2007

प्रतिलिपि – उपाध्यक्ष/कोषाध्यक्ष/संयुक्त सचिव/ केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों/ आमंत्रित सदस्यो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

14/1/2007

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

ज्ञापांक – ..........02........../बि0प्र0से0संघ, पटना, दिनांक 14/1/      /2007

प्रतिलिपि – अध्यक्ष/सचिव, सभी जिला इकाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

14/1/2007

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

ज्ञापांक – ..........02........../बि0प्र0से0संघ, पटना, दिनांक 14/1/      /2007

प्रतिलिपि – माननीय मुख्य मंत्री के सचिव/ मुख्य सचिव, बिहार, सरकार/ वित्त आयुक्त, बिहार सरकार/ सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

14/1/2007

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव